आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in


● वर्ष- 15 अंक 350 ● कटनी ● शुक्रवार, 28 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## अंतरिक्ष यात्रा के लिए मिली सीट दोस्त को दे दी

**केप केनरवल ( अमेरिका )।** अमेरिका के एक पायलट ने पिछले साल स्पेसएक्स द्वारा पर्यटकों को ले जाने वाले अंतरिक्ष यान में मिली सीट अपने एक दोस्त को दे दी। कायली हिप्पाचेन को मूल रूप से यह प्रस्ताव मिला था, जिन्होंने अपनी सीट अपने कॉलेज के सहपाठी को दे दी। फ्लोरिडा निवासी कैप्टन, हिप्पाचेन (43), ने हाल में अपनी कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि वह उस वक्त निराश हो गये, जब उन्हें पता चला कि उनका वजन, स्पेसएक्स के वजन की 250 पाउंड (113 किग्रा) की सीमा से अधिक है और उनका प्रस्ताव एक ऐसे व्यक्ति को हस्तांतरित कर दिया गया है, जिनके बारे में जानकर उन्हें खुशी होगी। चार महीने बाद, उन्हें पता चला कि 50 से कम लोग जानते थे कि वह इस अभियान के लिए वास्तविक विजेता थे। उनकी सीट एवरेट, वाशिंगटन में डेटा इंजीनिर, क्रिस सेमब्रोस्की (42) को दे गई। वे दोनों 1990 की दशक की शुरूआत में एम्ब्रे रिडल एयरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान एक ही कमरे में रहते थे।

## विवादित बयान देकर फंसी श्वेता तिवारी, एफआइआर दर्ज



**भोपाल।** श्वेता तिवारी भोपाल में एक वेब सीरीज के प्रमोशन के दौरान भगवान के बारे में आपत्तिजनक बयान देकर मुश्किलों में फंस गई हैं। उनके बयान का वीडियो वायरल होने के बाद जहां उन्हें इंटरनेट मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है, वहीं अब उनके खिलाफ इस मामले में राजधानी के श्यामला हिल्स थाने में एफआइआर भी दर्ज हो गई है। श्वेता के खिलाफ धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के आरोप में भादवि की धारा 295अ के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि पीर गेट निवासी सोनू प्रजापति नामक शख्स की शिकायत पर श्वेता के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है।गौरतलब है कि 26 जनवरी को शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में वेब सीरीज के प्रमोशन के दौरान मीडिया के साथ बातचीत में श्वेता ने कैजुअली अंदाज में कहा था कि मेरी ब्रा का साइज भगवान ले रहे हैं। दरअसल उन्होंने यह बात वेब सीरीज में अपने सह-अभिनेता सौरभ राज जैन को लेकर कही थी, जो कि च्देवो के देव महादेवज् समेत कुछ अन्य धारावाहिक में भगवान का किरदार निभा चुके हैं। लेकिन श्वेता को यह मजाक बहुत भारी पड़ा।

## राहत ...खत्म हो रहा कोरोना



# केस घटे तो कहीं शुरू हुई शराब बिक्री तो कहीं हटाया गया कर्फ्यू

नई दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों में कोरोना के केस घटने लगे हैं। इनमें दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु जैसे कुछ बड़े राज्य भी शामिल हैं। केस घटने के साथ ही कोरोना महामारी के खात्मे की उम्मीद भी जगने लगी है। यही कारण है कि विभिन्न राज्यों ने कोरोना नियमों में छूट देना भी शुरू कर दिया है। दिल्ली के बाद ताजा खबर महाराष्ट्र और दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु से आ रही है। महाराष्ट्र में कुछ नियमों के साथ शराब की बिक्री शुरू कर दी गई है, वहीं तमिलनाडु में जनता को अब सनडे लॉकडाउन का सामना नहीं करना पड़ेगा। महाराष्ट्र कैबिनेट ने राज्य में सुपरमार्केट और वॉक-इन दुकानों पर शराब की बिक्री की अनुमति देने का प्रस्ताव पारित कर दिया है।

## 24 घंटे में 2.48 लाख नए केस, 624 मौतें

देश में गुरुवार को 2 लाख 48 हजार 653 नए कोरोना संक्रमित मिले। इस दौरान 3.8 लाख लोग ठीक हुए, जबकि 624 लोगों की मौत हुई। इससे एक दिन पहले बुधवार को 2,86,384 लोग संक्रमित मिले थे और 573 लोगों की मौत हुई थी। पिछले दिन के मुकाबले 37,731 कम संक्रमित मिले हैं यानी नए केस में 13ल की कमी देखी गई है।फिलहाल देश में एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 20.97 लाख है। महामारी की शुरुआत से अब तक देश में करीब 4.06 करोड़ लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। इस बीच, 8 राज्यों और ज्ञ में कोरोना के हालात पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया समीक्षा बैठक करेंगे। शुक्रवार को होने वाली बैठक में ओमिक्रॉन से निपटने को लेकर मेडिकल तैयारियों का जायजा लिया जाएगा।

## प्रमोशन में आरक्षण पर आ गया सुप्रीम फैसला

# अब राज्यों के पाले में गेंद

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिनिधत्वि संबंधी वास्तविक आंकड़े जुटाए बिना अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने के मानदंड में किसी प्रकार की छूट देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की पीठ ने कहा कि आरक्षण देने से पहले प्रतिनिधत्वि की अपर्याप्तता पर मात्रात्मक आंकड़े एकत्र करने के लिए राज्य बाध्य है।**

न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव के नेतृत्व वाली पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, एम नागराज (2006) और जरनैल सिंह (2018) में अदालत के फैसले के अनुसार राज्य मात्रात्मक डेटा एकत्र करने के लिए बाध्य है। संपूर्ण सेवा के लिए प्रत्येक श्रेणी के पदों के लिए डेटा का संग्रह होना चाहिए। पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार को अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के पदों के प्रतिशत का पता लगाने के बाद आरक्षण नीति पर फिर से विचार करने के लिए एक समय अवधि निर्धारित करनी चाहिए। अदालत ने कहा, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए अपर्याप्त प्रतिनिधित्व के लिए समीक्षा की जानी चाहिए। समीक्षा की अवधि एक उचित अवधि होनी चाहिए और इस अवधि को तय करने के लिए सरकार पर छोड़ दिया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रमोशनल पदों पर आरक्षित वर्ग के प्रतिनिधित्व की कमी का आकलन राज्यों पर छोड़ दिया जाना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट आज लंबे समय से लंबित सरकारी नौकरी में प्रमोशन में आरक्षण के मुद्दे पर आज अपना फैसला सुना दिया है। सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति (स्ष्ट) और अनुसूचित जनजाति (स्ञ्ज) को प्रमोशन में आरक्षण देने के मुद्दे पर सुनवाई पूरी हो चुकी थी। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने इस मामले पर अटार्नी जनरल के के वेणुगोपाल, अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल बलबीर सिंह और विभिन्न राज्यों की ओर से पेश हुए अन्य वरिष्ठ वकीलों सहित सभी पक्षों को सुना था। केंद्र सरकार ने पीठ से कहा था कि



यह सत्य है कि देश की आजादी के 75 साल बाद भी एससी-एसटी समुदाय के लोगों को अगड़े वर्गों के समान मेधा के स्तर पर नहीं लाया गया है। पीठ ने इस मामले पर सुनवाई पूरी करते हुए 26 अक्टूबर 2021 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## विधायकों के निलंबन को S C ने बताया असंवैधानिक, मनमाना, बढ़ेगी सियासी टसल



नई दिल्ली। महाराष्ट्र, में 12 भाजपा विधायकों के निलंबन पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के इस फैसले को असंवैधानिक और मनमाना करार देते हुए खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि विधानसभा किसी भी विधायक को सत्र की अवधि के बाद निलंबित नहीं रख सकती। मामले में भाजपा की बड़ी जीत होने के बाद प्रदेश में सियासी घमासान बढ़ सकता है। भाजपा ने यहां उद्धव ठाकरे सरकार की बड़ी हार करार दिया है, वहां सत्ता पक्ष फैसला की प्रति मिलने के बाद ही प्रतिक्रिया देने की बात कह रहा है।पीठासीन अधिकारी के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करने के आरोप में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने 12 विधायकों को 5 जुलाई, 2021 से विधानसभा से एक साल के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## खाते में आ सकते हैं दो लाख रुपये

### केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी!

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए अच्छी खबर है। केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में जल्दी ही बढ़ोतरी की घोषणा हो सकती है। इसके साथ ही उनके 18 महीने के बकाया डीए पर भी बड़ा ऐलान किया जा सकता है।

अगर ऐसा होता है तो सरकारी कर्मचारियों के खाते में 2 लाख रुपये तक आ सकते हैं। इससे एक करोड़ से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को फायदा होगा। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को 18 महीने यानी एक जनवरी 2020 से 30 जून 2021 के बीच डीए का भुगतान नहीं किया है। कर्मचारी लंबे समय से इसके भुगतान की मांग कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार जल्दी ही इस बारे में फैसला ले सकती है। इसके बाद केंद्रीय कर्मचारियों को एकमुश्त महंगाई भत्ते का भुगतान किया जा सकता है। अगर मोदी सरकार कर्मचारियों के बकाये भत्ते के भुगतान पर फैसला करती है तो केंद्रीय कर्मचारियों को 2 लाख रुपये तक का फायदा होने की उम्मीद है। लेवल-1 के कर्मचारियों का डीए एरियर 11880 रुपये से लेकर 37554 रुपये तक है।



इसी तरह लेवल-13 और लेवल-14 के कर्मचारियों को डीए एरियर के रूप में 144200 रुपये से 218200 रुपये तक मिल सकते हैं।इस बारे में वित्त मंत्रालय, नैशनल काउंसिल ऑफ ज्वाइंट कंसल्टेटिव मशीनरी और डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेंनिग के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। लेकिन अब तक कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। माना जा रहा है अगले कुछ दिनों में कैबिनेट सेक्रेटरी के साथ इस मसले पर बात हो सकती है।

## रहस्य : आकाशगंगा में दिखा डरावना चक्र

# हर 18 मिनट में दिखकर हो जाता है गायब, चिंता में खगोलविद

**नई दिल्ली।** आकाशगंगा में खगोलविदों को एक ऐसा डरावना और रहस्यमयी चक्र (वस्तु) नजर आया है, जिसे पहले कभी नहीं देखा गया। यह इतना विचित्र है कि हर 18 मिनट में दिखकर गायब हो जाता है, जिसके चलते वैज्ञानिक इसकी पहचान का दूर-दूर तक कोई अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं।यही वजह है कि शुरुआत में इसे एलियन मानकर शोधकर्ता चिंता में पड़ गए थे, लेकिन फिर यह सही साबित नहीं हुआ। एक शोध के दौरान इस वस्तु को देखने वाले ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं का कहना है कि तेजी से घूमती यह चक्राकार आकृति धरती से चार हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित है, जो न सिर्फ बहुत चमकदार है बल्कि इसका चुंबकीय क्षेत्र बेहद मजबूत है।



यह हर घंटे में तीन बार भारी मात्रा में रेडियो ऊर्जा फेंक रही है। नेचर पत्रिका में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, इस चक्र को हमारी आकाशगंगा में रेडियो वेव सर्वे के दौरान एक यूनिवर्सिटी शोधकर्ता ने पकड़ा था। यह 'शैतानी' वस्तु न तो कोई सुपरनोवा है और न ही पल्सर, जिसके चलते इसे फिलहाल कोई नाम देना असंभव-सा हो गया है। हालांकि, इसकी पड़ताल के लिए ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है।






# बिहार बंद , हंगामा, आगजनी, ट्रेन रोकी

**पटना।** आरआरबी-एनटीपीसी रेलवे भर्ती परीक्षा को लेकर बवाल के बाद केंद्र सरकार ने छात्रों की सभी मांगें मान ली हैं। इसके बावजूद आज बिहार बंद का आयोजन किया गया है। पटना, गया, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा सहित बिहार के सभी बड़े शहरों में सुबह से ही जगह-जगह रास्तों को जाम कर दिया गया है। कहीं सड़कों पर टायर जलाए जा रहे हैं तो कहीं नारेबाजी की जा रही है। हालांकि, छात्रों के इस आंदोलन को अब विपक्ष ने लपक लिया है। सड़कों से छात्र नदारद हैं तो राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी, कांग्रेस और लेफ्ट के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे हैं।

## भारत के साथ सीमा विवाद पर चीन की राय

# अमेरिका न दे दखल



### बोला- हम दोनों पड़ोसी सुलझा लेंगे मसला

**बीजिंग** । भारत के साथ जारी सीमा विवाद को लेकर चीन के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका को इसमें दखल नहीं देना चाहिए। दोनों पड़ोसी देश द्विपक्षीय ढंग से मसले को सुलझा लेंगे। दरअसल चीन द्वारा लद्दाख क्षेत्र में मनमाने ढंग से निर्माण कार्यों पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। अन्य पड़ोसी देशों के साथ भी चीन के विस्तारवादी कदमों को लेकर अमेरिका व अन्य पश्चिमी देश उसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। इसे लेकर चीन पर दबाव बढ़ रहा है। चीन ने यह भी कहा कि वह और भारत नहीं चाहता है कि कोई तीसरा पक्ष सीमा विवाद को लेकर मध्यस्थता न करे। हालांकि चीन के इस बयान पर भारत ने अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारत के साथ सीमा समस्या द्विपक्षीय मसला है। उसने इस बयान को लेकर अमेरिका की आलोचना की कि चीन भारत समेत अपने पड़ोसियों को मजबूर कर रहा है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू किआन ने कहा, कुछ अमेरिकी राजनीतिज्ञ च्दमनज् शब्द के इस्तेमाल के इतने आदी हो चुके हैं कि वे भूल जाते हैं कि अमेरिका ही च्दबाव की कूटनीतिज् का आविष्कारक और बड़ा खिलाड़ी है। कियान ने कहा कि चीन न तो किसी पर दबाव डालता है और न ही किसी के दबाव में आता है। वह अमेरिका की दबाव की कूटनीति का मजबूती से विरोध करता है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को अपनी मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ निकट संपर्क में रह कर सीमा विवाद सुलझा लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बीते दिनों जापान के पीएम किशिंदा के साथ 80 मिनट की वर्चुअल मीटिंग में चीन को चेतावनी दी थी।

## अब नियोकोव ने डराया हर तीन में से एक की मौत की आशंका

**नई दिल्ली** । चीन के वुहान के वैज्ञानिकों ने अब नए कोरोना वायरस नियोकोव को लेकर डराने वाली खबर दी है। 2019 में समूची दुनिया में वुहान से ही कोरोना वायरस फैला था। अब वहां के वैज्ञानिकों ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका में नए प्रकार का कोरोना वायरस चनियोकोवज् मिला है। इसकी संक्रमण व मृत्यु दर दोनों ही बहुत ज्यादा है। इसके संक्रमित हर तीन व्यक्तियों में से एक की जान जा सकती है। वुहान के वैज्ञानिकों के इस दावे को रूसी समाचार एजेंसी स्पूतनिक ने जारी किया है। पूरी दुनिया पहले ही कोरोना के खौफ से भयभीत है। इसके ओमिक्रॉन व डेल्टा वैरिएंट कहर बरपा रहे हैं। ऐसे में चनियोकोवज् से चिंता और बढ़ सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निओकोव वायरस नया नहीं है।



## अमेरिका-कनाडा बॉर्डर के पास मृत मिले 4 भारतीयों की हुई पहचान

**न्यूयॉर्क।** हाल ही में अमेरिका-कनाडा बॉर्डर पर ठंड से जमकर 4 भारतीयों की मौत हुई थी। अब इन सभी चार लोगों की पहचान हो गई है। ये सभी एक ही परिवार के सदस्य थे, जो 19 जनवरी को कनाडा-अमेरिका सीमा से लगभग 12 मीटर दूर मैनिटोबा के इमर्सन के पास मृत मिले थे। कनाडा के अधिकारियों ने बताया कि परिवार कुछ समय से देश में था और उन्हें कोई गाड़ी में सीमा पर ले गया था। मामला मानव तस्करी का प्रतीत होता है। मैनिटोबा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान जगदीश बलदेवभाई पटेल (39), वैशालीबेन जगदीशकुमार पटेल (37), विहांगी जगदीशकुमार पटेल (11) और धर्मिक जगदीशकुमार पटेल (3) के तौर पर हुई है।



## सावधान फिर बढ़ा ठंड का कहर दिल के मरीजों के लिए हो सकता है घातक

**कटनी।** कटनी में बीते दो दिनों से पारा फिर से नीचे जाने से जोरदार ठंड का रिटर्न गिफ्ट लोगों को मिल रहा है। मौसम विभाग ने भी अगले दो दिन ठंड का सितम बढ़ने की संभावना जताई है। चिंता वाली खबर यह है कि यह ठंड दिल के मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है क्योंकि ठंड से शरीर में खून गाढ़ा होने की संभावना अधिक होती है। चिकित्सकों ने बुजुर्गों तथा हार्ट पेसेंटस को ठंड से बचने की सलाह दी है। आपको बता दें कि मौसम साफ होने से ठंड बढ़ गई है। इससे दिन में ठिठुरन महसूस हुई। गुरूवार को न्यूनतम 7 डिग्री तापमान, अधिकतम 22 डिग्री रिकार्ड किया गया। शहर के तापमान में पिछले सप्ताह से उतार-चढ़ाव हो रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण वातावरण में काफी ठंडक घुल गई। सुबह-शाम लोग कड़ाके की ठिठुरन से बचने के लिए अलाव का सहारा लेने को मजबूर हो रहे हैं। जिले में बढ़ती ठंड के साथ अब धुंध की चादर भी गहरी होती जा रही है। तापमान में गिरावट के साथ ही धुंध भी काफी बढ़ रही थी जिससे अब राहत मिली है लेकिन ठंड के कारण सुबह नौ बजे तक और गांवों में 10 बजे तक जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों घरों से निकलने में गुरेज कर रहे हैं। लगातार बढ़ रही ठंड से लोग बीमार भी हो रहे हैं।

## शहर के मुख्य मार्ग ही नहीं दूरस्थ क्षेत्रों में भी जाम की समस्या बन रही नासूर

### घंटाघर से चांडक चौक की रोड में स्थायी जाम खिरहनी में भी लोग परेशान



**कटनी।** जाम की समस्या कटनी में कोई नई नहीं है एक बेहतरीन मास्टरप्लान के आभाव में बेतरतीब बसाहट के कारण शहर का सौंदर्य अपना स्वरूप पूरी तरह से खोता जा रहा है। अब शहर से हट कर बसे क्षेत्रों में भी कहीं निर्माण तो कहीं विध्वंस के कारण लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा रहा है। ऐसा ही नजारा कटनी शहर में फिलहाल मुख्य शहर के प्रमुख क्षेत्र खिरहनी ओव्हर ब्रिज के उस पार बसे क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। कटनी में खिरहनी ओवर ब्रिज से दुबे कॉलोनी की ओर जाने वाली रोड पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। जाम का कारण सड़क चैड़ीकरण और नाली निर्माण बना। निर्माण कार्य होने के कारण वाहन नहीं निकल पा रहे थे। जाम से खिरहनी ओवर ब्रिज और माई नदी की ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। जाम को खुलवाने के लिए वहां पर यातायात पुलिस का कोई भी कर्मचारी नहीं था, जाम में फंसे लोग स्वंय अपने और दूसरों के वाहनों को निकलवाने का प्रयास कर रहे थे। यातायात पुलिस की उदासीनता के कारण हर दिन लोगों को परेशानी हो रही है। जाम को खुलवाने के लिए यातायत पुलिस का कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचने के कारण जाम काफी देर तक लगा रहा है। लोगों ने बताया कि लगभग एक घंटे बाद खिरहनी ओवर ब्रिज से दुबे कॉलोनी की ओर आवागमन सुगम हुआ। यह एक मार्ग ही नहीं शहर में घंटाघर से लेकर चांडक चौक तक के मार्ग में जाम की गंभीर होती समस्या को लेकर किसी भी जिम्मेदार का कोई ध्यान नहीं है। इस रोड के निर्माण को लेकर भी शहरवासी मांग कर रहे हैं।

### अब स्कूल खुलने की बारी?

## बच्चे हो गए बोर चाहते हैं खुलें स्कूल या फिर सीधे घोषित हो जाए अवकाश



**कटनी।** कटनी शहर में बच्चे भी परेशान हैं हो भी क्यों न आखि स्कूलों को लेकर वर्तमान में जो स्थिति है वह सिर्फ बच्चों की नहीं अभिभावकों को भी परेशान कर रही है। प्रदेश में भले ही स्कूलों में 31 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है लेकिन प्रदेश में कोरोना ही स्थिति से स्कूल 31 जनवरी के बाद भी खुल पाएं यह जरूरी नहीं। इस बारे में कल ही प्रदेश के शिक्षा मंत्री का भी एक बयान आया तो हालात की अनिश्चितता को दर्शाता है। लेकिन गत दिवस जब यशभारत ने बच्चों से बात की तो अधिकांश बच्चों को कहना था कि वह अब बोर हो गए हैं। बोर तक तो ठीक है अब दिक्कत यह है कि स्कूलों के खुलने को लेकर अनिश्चितता का जो माहौल है वह कष्टकारी है। फिलहाल कक्षा दसवीं बारहवीं के प्रीबोर्ड एग्जाम चल रहे हैं। अगले माह अर्थात फरवरी में बोर्ड परीक्षाा घोषित हैं। अगर परीक्षा आनलाइन होती हैं तो फिर जरूरी है बच्चों को परीक्षा से पहले स्कूली माहौल मिले ताकि परीक्षा को लेकर बच्चों को टेंशन दूर हो। लिहाजा बच्चे चाहते हैं कि परीक्षा को लेकर भी स्थिति साफ हो और स्कूल खुलने को लेकर भी ताकि वह एक सही दिशा में तैयारी शुरू कर सकें।

## संक्षिप्त




### अब के जी चौदहा फर्म की जांच करने पहुंचे अधिकारी

#### कांग्रेस नेता की फर्म में मिला टैंकर चौदहा फर्म का

**कटनी।** कुछ दिनों पूर्व कांग्रेस नेता राजा भैया की पारिवारिक फर्म में छापे की कार्रवाई के बाद आज प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम के द्धारा आज कुठला क्षेत्र स्थित मेसर्स के जी चौदहा फर्म में भी जांच की गई। बताया जाता है कि कांग्रेस नेता की फर्म में जो टैंकर मिला था वह चौदहा फर्म का था। इसलिए आज के जी चौदहा फर्म में भी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने जांच करते हुए रिकार्ड खंगाले। समाचार लिखे जाने तक कार्यवाही जारी थी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार एस एन त्रिपाठी, नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल, कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे सहित अन्य अमला उपस्थित था।

### प्रतिष्ठित व्यवसायी नत्थूलाल जैन का दु:खद निधन

**कैमोर।** जैन समाज के वरिष्ठ नागरिकएनगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी नत्थू लाल जैन का बीते 25 जनवरी को दु:खद निधन हो गया।



84 वर्षीय श्री जैन पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उपचार के लिए उन्हें नागपुर ले जाया गया जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। पार्थिव देह नागपुर से कैमोर लाये जाने के बाद बुधवार 26 जनवरी को पनिहाई स्थित मुक्तिधाम में उनकी अन्त्येष्टि की गई। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में व्यापारी वर्ग एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र श्रेयांश कुमार जैन ने दी। पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने श्री जैन के निधन को पारिवारिक क्षति बताते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल जैन परिवार को सम्बल प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है।

### गणतंत्र दिवस पर भी चलती रही भाजपा की संगठन विस्तार योजना

## भोपाल से मिला संदेश विधायक जुटे बूथ विस्तार में



**कटनी।** वैसे तो पूरे प्रदेश में गणतंत्र दिवस पर राजनीतिक गजिविधियां चुनावी राज्यों को छोड़ कर बाकी जगह लगभग स्थगित थीं पर प्रदेश में भाजपाई गतिविधियां पूरे जोश के साथ जारी थीं। दरअसल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की मंशानुरूप बूथ विस्तार अभियान को जो कार्यक्रम चल रहा है वह काफर सघन है। इस बूथ विस्तार अभियान में डिजिटली तो ठीक घर घर जाकर भी बूथों में संगठन का विस्तार करने की जो मंशा है वह भाजपा की आने वाली चुनावी तैयारियों को भी प्रगट करने के लिए काफी है। लेकिन इस बूथ विस्तार अभियान में बीते दिन भोपाल से आए एक संदेश के बाद कटनी जिले में अभियान मे तीनों भाजपा विधायक भी पूरी ताकत से जुट गए । आपको बता दें कि हाईकमान ने साफ किया था कि बूथ विस्तार अभियान की प्रगति की जानकारी वह विधायकों से लेंगे। पार्टी ने ऐसा इसलिए भी किया था क्योंकि उसका मानना है कि जिस मंशा के तहत बूथ विस्तार योजना चलाई जा रही है इसका सीधा लाभ जो चुनावों में विधायकों को ही उठाना खास तौर पर तब जब उन्हें फिर से टिकट की उम्मीद हो जो फिर क्यों ने इन्हीं विधायको को बूथ विस्तार अभियान के लिए सक्रिय किया जाए । इस संदेश के बाद जिले के तीनों भाजपा विधायकों ने गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद बूथों की ओर रूख कर लिया। जगह जगह कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। लोगों से चर्चा की। इसी बहाने दिन भा मेल मुलाकात का दौर चला तो वहीं अलग अलग क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ नेताओं का सम्मान भही किया गया। इधर जिला संगठन ने आज बूथ विस्तार अभियान का कटनी में महाभियान चलाने की तैयारी भी की है। इस तैयारी के मुताबिक जिले के दो सौ से अधिक वरिष्ठ नेताओं को बूथ बूथ जाकर विस्तारक अभियान को गति देने के लिए कहा गया है। इसके लिए बकायदा तीनों विधानसभाओं में प्रभारियों की नियुक्तियां भी की गई हैं। वहीं मंडल अध्यक्षों को खास तौर पर इस अभियान को सफल बनाने का दायित्व सौंपा गया है। कुल मिलाकर बूथ विस्तार अभियान जो अभी तक संगठन का अभियान समझाा जा रहा था उसमें विधायको जिम्मेदारी देने के बाद और भी दिलचस्प हो गया है।

### अब तक का सबसे बड़ा अभियान

बूथ विस्तारक अभियान पार्टी का अब तक का सबसे बड़ा अभियान है। अभियान के तहत जहां बूथ समितियों का फिजीकल वेरिफिकेशन किया जा रहा है, वहीं समिति का डिजीटलाइजेशन भी होगा। इस अभियान के माध्यम से हमें अपने अपने बूथ को सक्षम बनाना है। यह बात भाजपा बूथ विस्तारक योजना के तहत गत दिवस विभिन्न बूथों में पहुंच कर नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बताईं। भाजपा नेताओं ने कहा पार्टी की स्पष्ट धारणा है कि बूथ जीता तो चुनाव जीता। यह अभियान स्व ठाकरे को श्रद्वांजलि देने का अभियान है। इस दौरान भाजपा नेताओं ने बूथ समितियों के सदस्यों से समिति की जानकारी ली। गौरतलब है कि भाजपा अपने पित्र पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की जन्मशताब्दी वर्ष को संगठन पर्व के रूप में मना रही है। जिसके तहत भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी बूथ विस्तारक योजना के माध्यम से हर बूथ पर प्रवास कर रहे हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा अभियान है।

### सत्ता से लेकर संगठन तक जुटा पार्टी विस्तार के इस महाभियान में

प्रदेश में सत्ता और संगठन से जुड़े तमाम बड़े नेता इस समय पार्टी के बूथ विस्तारक अभियान में महत्वपूर्ण समय दे रहे क्योंकि मिशन 2023 को फतह करने के लिए पार्टी को जनाधार बढ़ाना जरूरी है इसी कारण 65 हजार बूथों पर 20, हजार कार्यकर्ता विस्तारक के रूप काम कर रहे। कटनी में भाजपा ने चुनावों को लेकर इसे खास तैयारी के रूप में शुरू किया है। दरअसल पूरे देश में मध्य प्रदेश कभी संगठन की दृष्टि से भाजपा का सबसे मजबूत प्रदेश माना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में पार्टी के अभियानों मैं यह संगठन कसौटी पर खरा नहीं उतरा और तब से ही संगठन को मजबूत बनाने की कवायद चल रही है खासकर प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा का पूरा फोकस बूथ की मजबूती पर है और प्रदेश में 20 जनवरी से पार्टी का बूथ विस्तारक अभियान चल रहा है जिसमें स्थानीय कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश के सभी बड़े नेता शामिल हो चुके हैं। बहरहाल कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष पार्टी द्वारा बूथ विस्तारक अभियान को जनाधार बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है प्रदेश में 51 प्रतिशत वोट प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर पार्टी इस अभियान को पूरी शिद्दत से सफल बनाना चाहती है। गुरुवार को कटनी के ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ समिति की बैठक को आयोजित की गईं तो आज इसका महाभियान चलाया जा रहा है। मतलब सारे कार्यकर्ताओं को भाजपा ने व्यस्त रखने का पूरा प्लान तैयार कर रखा है। देखना यह है कि यह वास्तव में काम आता है या फिर महज एक अभियान की तरह चल कर संपन्न हो जाता है।

## गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन कार्य 5 फरवरी से



**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2022-23 के लिये गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन कार्य 5 फरवरी 2022 से 5 मार्च 2022 तक प्रात: 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक समस्त कार्य दिवसों में रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर किया जायेगा। किसानों की सुविधा के लिये पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। जिससे किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने में हो रही परेशानी से बचा जा सकता है। उपार्जन के लिये किसान निर्धारित स्थानों पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बकृषक स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से पंजीयन के लिये निर्धारित लिंक पर जा कर अपना पंजीयन कर सकेंगे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, पूर्व वर्षों की भांति सहकारी समिति एसएचजी, एफपीओ, एफपीसी द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर भी निशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था जिस पर 50 रुपये की राशि देय होगी, किसान भाई अपना पंजीयन करा सकते हैं। इनमें एमपी आनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र तथा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर भी पंजीयन कराया जा सकता है। पार्जन के लिये कृषक को भूमि संबंधित दस्तावेज, आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराना होगा। सिकमी बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एसएचजी, एफपीओ, एफपीसी स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर ही उपलब्ध रहेगी। पंजीयन कराने एवं फसल बेचने के लिये आधार नंबर वेरीफिकेशन अनिवार्य होगा। वेरीफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जा सकेगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा, जबकि भू-अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख एवं आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से ही किया जा सकेगा। सत्यापन होने के उपरांत ही पंजीयन मान्य होगा। नवीन पंजीयन व्यवस्था में यह आवश्यक होगा कि सान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाइल नंबर को लिंक कराकर अपडेट रखें।




## ओव्हर ब्रिज के नीचे खड़े हो जाते हैं रसूखदारों के वाहन, लोग परेशान

**कटनी।** शहर में अतिक्रमण बढ़ रहा है लेकिन निगम इस संबंध में उदासीन रवैया अपनाए हैं। एक तो सड़कें संकरी हैं। ऊपर से दुकानदारों द्वारा किए जाने वाले अतिक्रमण ने परेशानी बढ़ा दी है। शहर में चौड़ी नजर आने वाली सड़कें दिन में संकरी हो जाती हैं। इसके अलावा शहर में बन रहे ओवर ब्रिज के नीच बनी सर्विस सड़कों पर अतिक्रमणकारी दुकानें और पार्किंग स्थल बना रहे हैं। बेतरतीब तरीकों से बन रहे वाहनों और इन दुकानों पर पहुंचे ग्राहकों के वाहनों से जाम की स्थितियां बन रही है। यही हाल शहर के खिरहनी ओवर ब्रिज का है। यहां नीचे अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। रोजाना यह अतिक्रमण अधिकारियों के नजरों में आता है लेकिन यहां पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे यहां पर अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद हैं। यहां पर रोजाना अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। भले ही गरीबों द्वारा शासकीय भूमि पर घर या दुकान बनाने पर नगरनिगम व प्रशासन द्वारा विशेष मौकों पर कार्रवाई कर दी जाती हो लेकिन शहर में हर तरफ रसूखदारों और अन्य स्थानों पर किए गए कब्जे प्रशासन की नजर से दूर हैं। अतिक्रमण के मामले में शहर में हर ओर अतिक्रमण नजर आता है। ऐसा ही अतिक्रमण शहर में खिरहनी ओवर ब्रिज के नीचे किया जा रहा है लेकिन इस ओर प्रशासन का ध्यान नहीं हैं।

### नए ओव्हर ब्रिज पर फिक्स हो गई जगह

सिर्फ खिरहनी ओव्हर ब्रिज ही नहीं निर्माणाधीन मिशन चौक फ्लाई ओव्हर में भी अभी से लोगों ने जगह फिक्स कर ली है। इस फ्लाई ओव्हर में भी कतिपय दुकान संस्थान मालिकों की कार अथवा अन्य वाहनों की जगह कुछ इस ढंग से फिक्स की गई है जैसे मानों ब्रिज निर्माण की शर्तों में ही यह लिखा था। यहां बांए से दायें आने जाने के लिए ब्रिज का आधा हिस्सा उपयोग में आता है लेकिन वाहनों के कारण आन बाएं से दायें नहीं जा सकते। अभी ओव्हर ब्रिज शुरू भी नहीं हुआ और नगर निगम ने मानों इसके लिए नीचे की जगह की नीलामी कर दी है। शहर के लिए दोनों ही ब्रिजों के नीचे के स्थान के लिए नगर निगम की कोई कार्ययोजना नहीं होने से परेशानी आम नागरिक भुगत रहे हैं।

## मिलावट में अव्वल कटनी की नमकीन मिठाई से सावधान

**कटनी।** कटनी में कौन सी चीज है जिसे आप सौ फीसद असली कह सकते हैं सोच कर बताएंगे तो चकरा जाएंगे। विशेष तौर पर खाद्य पदार्थ जिसे लेकर लोग हमेशा ही डर के साये में रहते हैं। रहे भी क्यों न आखिर कटनी जिले ने मिलावट में नाम जो कमा लिया है। मिलावट का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कटनी शहर में खाद्य पदार्थ अलग अलग रेट पर मिलते हैं जैसे अगर आपको नमकीन लेना हो तो कटनी शहर में यह सौ रूपए किलों से लेकर ढाई सौ रूपए किलो तक की कीमत का मिल जाएगा समझ से परे है कि सौ रूपए कीमत का नमकीन या फिर ढाई सौ रूपए कीमत का नमकीन दिखने में एक सा है जो रेट में डेढ़ गुना का अंतर क्यों इसे समझें कि सौ रूपए किलो के नमकीन में जिस दाल और तेल का इस्तेमाल किया जाता है वह गुणवत्ता विहीन होती है कहने को इसे तेवड़ा की दाल भी कहते हैं जिसे शरीर के लिए नुकसानदायक कहा जाता है। ठीक इसी तरह इसे गंदे औसत दर्जे के तेल में तला जाता है। लेकिन सवाल सिर्फ एक नमकीन का नहीं है कोई भी खाद्य वस्तुओं का यही हाल है क्योंकि कटनी में हर वस्तु आपके मन मुताबिक रेट पर मिल जाती है। ऐसाभी नहीं कि मिलावट के इस गोरख धंधे का पता जिम्मेदार विभागों पता न हो सब कुछ जानकारी है लेकिन कार्रवाई गाहे बगाहे सिर्फ खानापूर्ति के लिए ही होती है। गत कुछ समय पहले ही मिलावट से मुक्ति का अभियान चलाया जा रहा हो लेकिन व्यवस्था किस तरह चल रही है। यह खाद्य सुरक्षा कार्यालय जाकर पता चलता है। आप त्यौहार में दुकानों में जाएंगे और मिठाई पैक करवा कर ले आएंगे लेकिन वह मिठाई अच्छी है या खराब इसे जांचने के लिए प्रशासन के पास अमला ही नहीं है।



### विभाग के पास स्टाफ की कमी

गत दिनों जब यशभारत ने शहर के खाद्य विभाग की स्थिति समझी तो पता लगा कि यहां पर दो अधिकारी हैं। इनके पास पूरे जिले खाद्य सुरक्षा की जांच का जिम्मा है। इनमें अधिकारी किन्ही कारणों से छुट्टी पर थे। दूसरे अकेले क्या कर सकते हैं इसे समझाने की जरूरत नहीं। सैंपल लेने से लेकर पैक करने तक उन्हीं की जिम्मेदारी है। जिले में करीब 12 लाख की आबादी में 45 से अधिक खाद्यान्न दुकानों की जांच से लेकर उन्हें सजा दिलवाने का जिम्मा इसी विभाग के पास है। ऐसे में कोई अमला न होना यह बताता है कि जनता को जो जैसा चाहे परोसे। इन्हें देखने वाला कोई नहीं है।

### कभी कभार आती है मोबाइल लैब

खाद्यान्न दुकानों के बीच महीनें में एक मोबाइल लैब आती है। वह भी महीनें में एक बार ही आ पाती है। त्यौहारों का समय नजदीक आते ही विभाग सक्रिय हो जाता है। पर हर वक्त मतलब बिना त्योहार भी जिले में सही मिठाइयां और खाद्य वस्तुएं लोगों तक पहुंच सकेंगी। यह कैसे सुनिश्चित हो सकेगा। हर महीने मोबाइल लैब को जिले में आकर सैंपल लेकर जांच करती है। पहले लॉकडाउन और दुकानें बंद होने का हवाला देकर मोबाइल वैन जिले में नहीं भेजी, 8 जिलों के लिए केवल एक मोबाइल लैब होने के कारण नियमित रूप से नहीं आ पाती है। इधर संसाधनों की कमी के कारण होटलों में उपयोग होने वाले कढ़ाई के तेल समेत अन्य खाद्य पदार्थों की जांच नहीं हो रही है, मिलावट की आशंकाएं भी बढ़ गई हैं। आपको बता दें कि मोबाइल लैब में अत्याधुनिक उपकरण रहते हैं। इसमें डीओएम-24 टेस्टर की मदद से कढ़ाई में टेस्टर को डुबाकर तेल की जांच हो सकती है। इस टेस्टर का लाल लाइट जलने का मतलब होता है कि तेल गड़बड़ और उपयोग के लायक नहीं है, वहीं हरा लाइट जलने का मतलब यह था कि कढ़ाई का तेल सही है। यदि रोजान या फिर 15 दिन में ऐसी जांच व्यापारियों की की जाए तो जिले में खाद्यान्न सुरक्षा की स्थिति ठीक हो सकती है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 28 जनवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# विजयराघवगढ़ के दुर्ग में शान से फहरा तिरंगा

## विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने किया मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन





**कटनी।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र पर्व समारोह स्वाधीनता संग्राम के साक्षी रहे विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक दुर्ग में आयोजित किया गया जहां मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया गया। विधायक श्री पाठक ने इस अवसर पर देश की रक्षा खातिर प्राण न्योछावर करने वाले अमर बलिदानियों एवं शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उपस्थित जन समूह को 73 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की उत्तरोतर प्रगति एवं जन-जन के सुखी समृद्ध होने की शुभकामनाएं दीं। विधायक श्री पाठक ने प्रदेश के नागरिकों के नाम जारी मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया। अपने उद्‌बोधन में विधायक श्री पाठक ने कहा कि यह वक्त कोरोना के नये वेरिएंट के चलते खतरनाक है। प्रत्येक नागरिक को ऐसे समय में अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। शारीरिक दूरी का पालन करने के साथ मास्क का प्रयोग सबको करने की जरूरत है। उन्होनें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्व का सर्वाधिक

### अमर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि, क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

लोकप्रिय वैश्विक राजनेता निरूपित करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस साहस और दूरदर्शिता के साथ पूरी दुनिया में इस वैश्विक महामारी की अगुआई की है वो एक मिसाल है। देश में टीकाकरण अभियान की सफलता की वजह से ही आज ओमीक्रान के बढ़ते प्रभाव के बावजूद लोगों की जिंदगी सुरक्षित बनी हुई है। इस अवसर पर एसडीएम श्री मडलोई, तहसीलदार श्री पटेल, सीएमओ पूजा बुनकर सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों व वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। विगढ़ के बूथ नंबर 56 स्थित विधायक कार्यालय में भी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की उपस्थिति में बूथ के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवम आदिवासी समाज के वरिष्ठ नागरिक बसोरी कोल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर भाजपा विगढ़ मंडल के अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा, कांटी मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह, कैमोर मंडल अध्यक्ष अंकुर गौवर, सिनगौड़ी मंडल अध्यक्ष प्रमोद सोनी, पूर्व जिला महामंत्री उदयराज सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष गंगाराम चौधरी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राकेश गुप्ता, सुरेंद्र पांडे, एड. रवि दीक्षित, एड. राजा उरमलिया, एड. नूर मोहमद सिद्धकी, पूर्व उपाध्यक्ष अनिल गुड्डु शर्मा सहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# निगम कार्यालय में तिरंगा फहराकर दी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी

**कटनी।** गणतंत्र दिवस की इस शुभ बेला पर आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं यह वर्ष आप सभी के लिए अत्यंत अच्छा रहे, हमारे संविधान को प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार प्रदान करनें के उद्धेश्य से बनाया गया है इसी संविधान दिवस को हम हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते है। प्रत्येक नागरिक चाहे वो छोटा हो अथवा बडा सम्मान एवं अधिकार के साथ देश में रहकर अपनें कर्तव्यों का विधिपूर्वक पालन करेगा तभी हम अपनें नगर तथा राज्य को प्रगति की ओर अग्रसर कर सकेगें। उक्त आशय के उद्गार प्रभारी आयुक्त राकेश शर्मा नें नगरनिगम कार्यालय मे गणतंत्र दिवस शुभ बेला पर नगरनिगम के बगीचे में आयोजित ध्वजारोहण समारोह के दौरान व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी आयुक्त श्री शर्मा द्वारा कर्मचारियों संध के पदाधिकारियों को मंचासीन कराते हुए नवाचार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रभारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, आदेश जैन, अश्विनी पाण्डेय, मोना कारेरा, मृदुल श्रीवास्तव, अरविंद प्यासी सहित निगम के विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ मे श्री राकेश शर्मा प्रभारी आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मिलकर ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी गई। इसके उपरांत राष्ट्रगीत का संमवेत स्वर मे गायन किया जाकर भारतीय गणतंत्र अमर रहे, भारत माता की जय के नारे लगाये गये। कार्यक्रम के अंत में निगम की विभिन्न शाखाओं में उत्कृष्ट कार्य करनें वाले अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी आयुक्त श्री राकेश शर्मा द्वारा समस्त उपस्थित जनों सहित नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम का संचालन परसनाथ प्रजापति द्वारा किया गया।

### जल शोधन संयंत्र सहित अग्निशमन कार्यालय में भी ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम कटनी के अन्य कार्यालयों एवं मुख्य स्थलों पर भी निगम के अधिकारियों द्वारा निगम के कर्मचारियों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया गया। शैलेष जायसवाल कार्यपालन यंत्री द्वारा प्रातः 8:30 बजे जल शोधन संयंत्र अमकुही में एवं संजय सोनी स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अग्निशमन कार्यालय तथा आदेश जैन प्र.सहायक यंत्री द्वारा माधवनगर उपकार्यालय में ध्वजारोहण किया जाकर ध्वज को सलामी दी जाकर उपस्थित कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# राष्ट्र के उत्कर्ष,गौरव एवं प्रगति का प्रेरक है गणतंत्र दिवस

**उमरियापान।** महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय में वेद विभाग के आचार्य एवं अध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय प्रभारी प्रो.उमाशंकर तिवारी की अध्यक्षता में 73 वां गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम सोल्लास मनाया गया। इस अवसर पर प्रो. उमाशंकर तिवारी जी ने ध्वजारोहण कर उपस्थित जनसमुदाय को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी भारतवासियों के मन मस्तिष्क में हर्षए उल्लास एवं नूतन सोच का संचार करता है। देशवासियों को यह संकल्प लेने के लिये भी प्रेरित करता है कि वे अमर शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगें और अपने राष्ट्र के उत्कर्षए गौरव एवं प्रगति के लिये सदैव तत्पर रहेंगें। गणतंत्र दिवस के वैशिष्ट्य का प्रतिपादन करते हुये प्रो.तिवारी ने कहा कि हमारा देश वेद भूमि, पूर्ण भूमि, पुण्य भूमि का देश है, यहाँ की भौगोलिक संस्कृति एवं आदर्श सम्पूर्ण विश्व में वन्दनीय है। हम सबको मिलकर राष्ट्र के कार्यो को सर्वस्व समर्पित कर आगे विकास पथ पर ले जाना चाहिए। परमपूज्य गुरुदेव, परम पूज्य महर्षि जी ने देश की एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए अपने जीवन को समर्पित किया। इसी भाव से हमारा विश्वविद्यालय चेतना विज्ञान के वैश्विक प्रचारक, वेदविद्यामार्तंड, विश्वविद्यालय के लब्धप्रतिष्ठ कुलाधिपति परम पूज्य ब्रह्मचारी डा. गिरीश के दैवीय निर्देशन, कुलपति प्रो.भुवनेश शर्मा के कुशल निर्देशन एवं कुलसचिव अरविन्द सिंह राजपूत के कुशल सक्रिय संचालन में योग्य प्राध्यापकों द्वारा दी जा रही सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक शिक्षा के माध्यम से उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम का सम्यक् संचालन कम्प्यूटर सांइस विभाग के सहायक प्राध्यापक तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ के प्रभारी उमाकांत त्रिपाठी एवं उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों एवं छात्र.छात्राओं का आभार प्रदर्शन वेद विभाग के सहायक प्राध्यापक तथा सांस्कृतिक सचिव राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुये विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शैक्षणिक स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। डा. मुकेश कुमार गोयल, डा.शशि कुमार ओझा, डा. सुदेशबाला जैन, हरिनारायण शर्मा, गौरव शर्मा, सीमान्त शर्मा, शीतल सेन, मुकेश तिवारी, सत्यनारायण शुक्ला, ध्रुव पाठक, दीपक पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, सुनील तिवारी, धनीराम त्रिपाठी, प्रत्यूष तिवारी, जगदीश चक्रवर्ती, आनन्द नन्दवानी, वैभव असाटी, वृजेश मिश्रा, रंजीत गौर, ज्योति जाटव, श्रीमती माधुरी गर्ग, श्रीमती वर्षा साहू, श्रीमती सोनल पटेल, राजश्री साहू, श्रीमती आराधना सिंगौर, उमाशंकर तिवारी, सुबोध पाण्डेय, नवीन पाठक, पवन कुमार चैरसिया, राजकरण कोरी, अमर सिंह जोगी, सत्यम सिंह जोगी, अमित दाहिया इत्यादि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।





# अयोध्यावासी वैश्य समाज ने धूमधाम से मनाई महाराजा मणिकुण्डल जयंती

**कटनी।** अयोध्यावासी वैश्य समाज कटनी में पौष पूर्णिमा तारीख 17जनवरी 2022 दिन सोमवार के दिन अपने आदिपुरुष महाराजा मणिकुण्डल जी की जयंती कटनी नगर के प्रसिद्ध शिवालय मधई मन्दिर में परमपिता परमेश्वर परमात्मा शिव जी का पूजा अर्चना कर आदिपुरूष महाराजा मणिकुण्डल जी को फूलों की माल्यार्पण कर गुलाब पंखुड़ियो से वर्षा करते हुए हर्षोउल्लास के साथ समाज की सभी महिलाओं एवम पुरषोंए मय बच्चो के साथ प्रभु भक्तों के द्वारा बढ़ चढ़ कर सहभागिता निभाई भजन कीर्तन ढोल मजीरा के साथ लोक समस्त सुखनोभावन्तु: के भावना से परमपिता परमात्मा परमेश्वर शिव जी एवम अयोध्यावासी वैश्य जनों के आदि पुरुष महाराजा मणिकुण्डल जी की दिव्य महाआरती कि गई एवम महाराजा मणिकुण्डल जी की जीवन परिचय भी दिया गया बताया गया की महाराजा न्याय के प्रति निष्ठाए मैत्रीभावए कुशल शासन कर रामराज्य की कल्पना साकार का दिया था उनके राज्य में प्रजा सुख समृद्धि से भरपूर थीए उनके राज्य में विद्वानों को सम्मान एवम प्रतिभावो को पर्याप्त प्रोत्साहन दिया जाता थाए प्रिय जन प्रिय शासक के रूप में मणिकुण्डल जी राज्य के अन्तिम व्यक्ति तक की जानकारी रखने का प्रयास करते थेए अयोध्यावासी वैश्य समाज के सभी स्वजाति बंधुओ ने संकल्प लिया की हम सब वसुधैवकुटुंबकम् की अवधारणा पर आधारित एक कुटुम्ब के तरह संगठित हो कर रहेंगे एक दूसरो के सुख दुख के साथी रहेंगे, प्रभु जी का आशीर्वाद लेते हुए प्रभू जी का महाप्रसाद सभी भक्तो को वितरण किया गया ।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री ज्ञानदत्त दीक्षित पिता स्व. श्री बालकदास दीक्षित निवास वार्ड नंबर 11, तिलक चौक कैमोर तहसील विजयराघवगढ़ कटनी म.प्र. वाले ने दिनांक 08/07/2008 को रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से भू-खण्ड कय किया था जोकि उक्त मूल बैनामा कहीं गुम हो गया है। जिसकी अचल संपत्ति/जायजाद मकान मौजा देवरीमझगवां, प.ह.नं. 13, न.ब. 270, रा.नि.म. विजयराघवगढ, तहसील विजयराघवगढ़ कटनी म.प्र. में स्थित है जिसका भूमि खसरा नं. 28/6 है जोकि कुल 50X60 = 3000 वर्गफुट पर पक्का आर.सी.सी मकान निर्मित है, उक्त संपत्ति/जायजाद मकान को मेरा पक्षकार ए.यू.स्माल फाईनेंस बैंक शाखा कटनी जिला कटनी म.प्र. में बंधक रखकर लोन/ऋण प्राप्त कर रहा है, जिसमें किसी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को यदि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति विधि मान्य दस्तावेजो सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे निर्धारित अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी । और मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त संपत्ति को बैंक में बंधक रखकर लोन/ऋण का निष्पादन करा लिया जावेगा । अस्तु सर्वसाधारण की जानकारी हेतु यह सूचना प्रकाशित है।

कटनी, दिनांक - 28/01/2022

**भवदीय - राकेश निषाद एडवोकेट, तहसील परिसर कटनी, जिला-कटनी म.प्र.**
**पक्षकारान वास्ते- श्री ज्ञानदत्त दीक्षित पता स्व. श्री बालकदास दीक्षित , निवास वार्ड नंबर 11, तिलक चौक कैमोर तहसील विजयराघवगढ़, कटनी (म.प्र. )**



# शिवाजी सेवा समिति के भवन में फहरा तिरंगा

**कटनी।** आशीष भाई अखाड़ा शिवाजी सेवा समिति के भवन में शिवाजी सेवा समिति के अध्यक्ष भाई करण सिंह चौहान के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम 26 जनवरी के उपलक्ष में किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत के एल कन कने प्रशांत रजत रमेश कोरी विनोद खलीफा दल्लू सरावगी एवं वरिष्ठजन की उपस्थिति रही आजाद चौक के समस्त वासी राजा रोड में सम्मिलित हुए और देशवासियों को 26 जनवरी की शुभकामनाएं दी।


# राजपूत करणी सेना ने किया रक्तदान



**कटनी।** श्री राजपूत करणी सेना जिला कटनी के द्वारा संभागीय अध्यक्ष विशाल सिंह सोलंकी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जिसमें सभी राजपूत भाइयों की उपस्थिति रही लगभग 50 यूनिट रक्तदान का उद्देश्य रखा स्थान स्टार हेल्थ माधवनगर गेट के पास इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीत प्रताप सिंह संभागीय संगठन मंत्री विशेष अतिथि कटनी जिला अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह सोनू सोलंकी, संभागीय मीडिया प्रभारी कुंवर सुरजीत प्रताप सिंह सोलंकी, दिग्विजय सिंह, मनीष सिंह शशांक सिंह चौहान संभागी उपाध्यक्ष, मुड़वारा विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश सिंह सोलंकी, बड़वारा विधानसभा से आए हुए हमारे अध्यक्ष मनोज सिंह बैस विनय सिंह जनार्दन सिंह एवं उनके साथी, विजयराघवगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष वायु नंदन सिंह कैमोर नगर अध्यक्ष संजय सिंह राणा दुकान में एक दो नगर अध्यक्ष आदित्यनाथ सिंह नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदोरिया, मानवेंद्र सिंह कटनी उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम रखा गया बड़ी संख्या में क्षत्रिय युवा छात्र हुए श्री राजपूत करणी सेना जिला कटनी से आदि की उपस्थिति रही।

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।
Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार 40वें दिन की ओर
रोजाना 1 शो ता. 28 से
सायं 7.30 बजे से




PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार 40वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 14 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 2 शो ता. 28 से 1 एवं 4 बजे से
SUPREME KHILADI
कलाकार- साईं धरम तेज, राशि खन्ना, रवि किशन, राजेंद्र प्रसाद आदि।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

# बस स्टैंड में आवारा सांडों का आतंक

## झपट लेते हैं खाने पीने का सामान, कई यात्री हो चुके हैं शिकार





**कटनी।** कटनी बस स्टैंड में वैसे तो अनेक समस्याएं हैं पर इन दिनों पूरे बस स्टैंड में विचरण करने वाले आवारा सांड यात्रियों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बने हुए हैं। बस स्टैंड के प्रवेश द्वार से लेकर भीतर यात्रियों के लिए बनाये गए पक्के शेड के नीचे भी इन आवारा सांडों की मौजूदगी रहती है। ये आवारा सांड यात्रियों के बैग तक में मुंह मारते हैं। कल शाम ऐसे ही एक सांड ने बेंच पर रखे एक यात्री के बैग को निशाना बना लिया। कुछ देर बैग को ऊपर से ही चाटने के बाद सांड ने बैग को पटकना शुरू कर दिया। आधे घन्टे तक सांड बैग को पटकता ही रहा। कई बार यहां सांडों के बीच भयंकर युद्ध भी छिड़ जाता है जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। कहने को नगर को स्वच्छता की रैंकिंग में टॉप टेन की सूची में शामिल करने व्यापक पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा। दो -दो पालियों में सफाई कराई जा रही पर बस स्टैंड में आपको जगह जगह गंदगी ही नज़र आएगी। यात्रियों के बैठने के स्थान पर ठेले टपरे वालों का कब्जा है। नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी यहां कभी नजर नही आते। बस स्टैंड में दोनों ओर बने प्रवेश और निकास द्वारो पर बेजा कब्ज़ा है जिसके चलते बसों को आने जाने में परेशानी होती है। मार्गों पर ही खटारा बसों को स्थायी रूप से खड़ा कर स्थान संकुचित कर दिया गया है। पूरे बस स्टैंड में अराजकता व्याप्त है। इस पर ध्यान दिया जाना बेहद जरूरी है।

## उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूलों में कक्षा 9वीं के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**कटनी।** उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में सत्र 2022-23 में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने के लिये 20 जनवरी से ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। होगी। परीक्षा में शामिल होने के लिये ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर विभा श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हैं वे इस परीक्षा भाग ले सकते हैं। मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम सी ग्रेड से कक्षा 8वीं उत्तीण करने पर विद्यार्थी इन विद्यालयों में चयन के लिये पात्र होंगे। प्राचार्य श्रीमती श्रीवास्तव ने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय कटनी में प्रवेश के लिये परीक्षार्थियों को किसी भी एमपी ऑनलाईन कियोस्क पर जाकर अपना आवेदन ऑनलाईन करना होगा। इसके लिये आवेदन शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। यह राशि ऑनलाईन आवेदन करने पर संबंधित कियोस्क सेन्टर द्वारा ली जायेगी।



# तमिलनाडू में छात्रा की मौत को लेकर अभाविप ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**कटनी।** तमिलनाडू प्रांत के पंजापुर स्थित एक मिशनरी स्कूल में पढ़ने वाली 12वीं की छात्रा लावण्या द्वारा गत दिवस आत्महत्या कर ली गई। आरोप है कि मिशनरी द्वारा छात्रा को ईसाई धर्म अपनाने के लिए बाध्य किया जा रहा था। तमिलनाडू की इस घटना के विरोध में गत दिवस विद्यार्थी परिषद द्वारा तमिलनाडू के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया जिसमें बहन लावण्या की मौत को हत्या निरूपित करते हुए उसे प्रताड़ित करने वालों के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है। विरोध दर्ज करने वालों में विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक सिसे रज़ा सह संयोजक सीमांत दुबे नगर मंत्री ऋषभ मिश्रा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अखिल मिश्रा अविनाश तिवारी अमर चौधरी ऋषभ त्रिपाठी आशुतोष विश्वकर्मा अनुराग तिवारी ऐश्वर्य गर्ग संस्कार मिश्रा अवध पांडे सचिन तिवारी तरुण गोटिया एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता छात्र उपस्थित रहे।

# जयहिंद चौक में आयोजित हुआ शिविर

## नागरिकों ने संपत्तिकर और जलकर की राशि का किया भुगतान

**कटनी।** संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराने नगर निगम द्वारा गत दिवस परमहंस वार्ड के जयहिंद चौक में शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक ने जानकारी देते बताया कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना आयोजित हो रहे शिविरों के तहत रामकृष्ण परमहंस वार्ड स्थित जयहिंद चौक में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर के दौरान निगम के राजस्व विभाग के अमले द्वारा उपस्थित नागरिकों को बकाया संपत्तिर एवं जलकर की राशि की जानकरी प्रदान करते हुए संपत्तिकर की 39 रसीदों के माध्यम से 55062 रूपये तथा जलकर की 25 रसीदों के माध्यम से 52198 रूपये कुल 107260 रूपये निगम कोष में जमा कराये गए। प्रभारी आयुक्त राकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 25 जनवरी को विवेकानंद वार्ड स्थित खेरमाई मंदिर के पास शिविर का आयोजन कर नागरिकों को उनके बकाया संपत्तिकर एवं जलकर की राशि को जमा करने की सुविधा प्रदान की जावेगी। आपने नागरिकों से शिविर का भरपूर लाभ उठाते हुए बकाया करों को जमा कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करने अपील की है।



# गेहूं उपार्जन के लिए 5 मार्च तक होगा किसान पंजीसन

## पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया में किसानों की सुविधा के दृष्टिगत किये गये बदलाव

**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2022-23 के लिये गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन कार्य 5 फरवरी से 5 मार्च तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक समस्त कार्य दिवसों में रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर किया जायेगा। किसानों की सुविधा के लिये पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। जिससे किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने में हो रही परेशानी से बचा जा सकता है। उपार्जन के लिये किसान निर्धारित स्थानों पर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

कृषक स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से पंजीयन के लिये निर्धारित लिंक पर जा कर अपना पंजीयन कर सकेंगे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, पूर्व वर्षो की भांति सहकारी समिति एसएचजी, एफपीओ, एफ्पीसी द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर भी निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था जिस पर 50 रुपये की राशि देय होगी, किसान भाई अपना पंजीयन करा सकते हैं। इनमें एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र तथा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर भी पंजीयन कराया जा सकता है।

उपार्जन के लिये कृषक को भूमि संबंधित दस्तावेज, आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराना होगा। सिकमी बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एसएचजी, एफपीओ, एफपीसी स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर ही उपलब्ध रहेगी।

पंजीयन कराने एवं फ़सल बेचने के लिये आधार नंबर वेरीफिकेशन अनिवार्य होगा। वेरीफिकेशन आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी से या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जा सकेगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा, जबकि भू-अभिलेख में दर्ज खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख एवं आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से ही किया जा सकेगा। सत्यापन होने के उपरांत ही पंजीयन मान्य होगा। नवीन पंजीयन व्यवस्था में यह आवश्यक होगा कि सान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर अपडेट रखें।

### जारी निर्देशों के अनुसार गेहूं उपर्जान के लिये किसान पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश

रवि विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया में संशोधन किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने इस संबंध में सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला प्रबंधक एमपी स्टेट सहकारी विपणन संघ मर्यादित, जिला प्रबंधन एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन, शाखा प्रबंधक एमपी वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन, नोडल अधिकारी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक मर्यादित को जारी दिशा-निर्देशों के तहत निर्धारित समय सीमा में किसान पंजीयन का संपादन कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।



# बरही थाना प्रांगण से बैटरी चुरा ले गए चोर

## कचरा गाड़ी की बैटरी हो गई पार, सुपरवाइजर ने थाना पहुँचकर किया शिकायत

**बरही।** कचरा गाड़ी की बैटरी अज्ञात चोरों ने पार कर दी। बरही के पुराने थाना प्रांगण में कचरा गाड़ी खड़ी हुई थीए जिसकी बैटरी किन अज्ञात चोरों ने पार की यह जांच का विषय है। वारदात की शिकायत सुपरवाइजर ने बरही थाना में की है। वारदात के संबंध में कचरा गाड़ी के सुपरवाइजर विकास त्रिपाठी ने बताया कि रोज की तरह 25 जनवरी की शाम कचरा गाड़ी क्रमांक एमपी 21 एल 1037 पुराने थाना प्रांगण में खड़ी कर दी गई। 26 जनवरी की सुबह जब चालक वाहन लेने पहुँचा तो गाड़ी से बैटरी ही गायब मिलीए जिसकी शिकायत बरही पुलिस से की गई है। गौरतलब है कि 8 माह पूर्व ही बरही थाना प्रांगण से दो बाइक भी चोरी हुई थीए अब कचरा गाड़ी की बैटरी चोरी होने से यह सुरक्षित स्थान चोरों के लिए भी सुरक्षित साबित हो रहा है।

# बृज की होली के साथ 9 दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का समापन

## बरही के इतिहास में 9 दिनों तक धार्मिक यात्रा में चारो दिशाओं से आए विद्वानों ने कराई पूजा





**बरही।** संदीप कालोनी बरही में माँ दुर्गा के भव्य मंदिर में 17 जनवरी से प्रारंभ हुए 9 दिवसीय प्राण.प्रतिष्ठा समारोह का समापन 25 जनवरी की रात 11 बजे बृज की होली के साथ संपन्न हुआ।

बरही के इतिहास का यह पहला धार्मिक आयोजन था, जहां लगातार 9 दिनों तक लंगर चलता रहा। जिसमे हजारो भक्तों ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा कराने सुमेरूपीठ काशीपुरी के शंकराचार्य महाराज पहुँचे हुए थे, तो वही 9 दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चार के लिए मनोज तिवारी राधे महाराज के सानिध्य में चारो वेद के विद्वान देश के चारो दिशाओं से आए हुए थेए जिन्होंने विधि विधान से अनुष्ठान संपन्न कराया। वैसे तो 9 दिनों तक लगातार पंगत में बैठाकर प्रसाद ग्रहण करने का सिलसिला जारी थाए तो वही 24 जनवरी को हवन-पूर्णाहुति उपरान्त कन्याभोजए ब्राह्मण भोजए 25 जनवरी को आम भंडारे का आयोजन किया गया। रात्रि में भजन संध्या उपरान्त कार्यक्रम का समापन हुआ। गौरतलब है कि नगर के समाज सेवी संदीप अग्रवाल द्वारा संदीप कालोनी में मां दुर्गा की भव्य विशाल मंदिर का निर्माण कराया गया है।

### बरही के संदीप कालोनी में बने दिव्यए भव्य मंदिर में माँ पूर्णेश्वरी देवी में लगी कतार

# नगर परिषद बरही में सीएमओ ने किया ध्वजारोहण

**बरही।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर परिषद कार्यालय बरही में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विन्झवार ने ध्वजारोहण करते हुए तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर ब्रांड एम्बेसडर डॉ. दीपक अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि पीयूष अग्रवाल, पूर्व पार्षद सुरेश सोनी, पंडा, पत्रकार आनंद सराफ, कृष्णकुमार मिश्रा, रजनीश नामदेव, इंजीनियर देवेंद्र सोनी, परिषद के लेखापाल रमेश तोमरए तीरथ प्रसाद चतुर्वेदी रिंकू, राजस्व निरीक्षक मनोज कोरी, स्वच्छता निरीक्षक रामलाल वर्मन, अजय तिवारी, कर्मचारी श्री मिश्रा, पिंदर बिलौहा, युवा ठेकेदार अभिषेक द्विवेदी, प्रेमस्वरूप मिश्राए हेतराम तिवारी सहित परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी तरह नगर के विजय स्तम्भ चौक, आजाद भगत सिंह चौक में भी सीएमओ श्री विन्झवार ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपक अग्रवाल ने किया। ध्वजारोहण उपरान्त परिषद प्रांगण में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गयाए जिसमे परिषद के कर्मचारियों, अधिकारियों के साथ ही अतितियो ने भी भागीदारी निभाई। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में परिषद के कर्मचारी वृजेश मिश्रा विजयी हुए। जिन्हें सीएमओ ने 1 हजार रुपए नगर व प्रसस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।





# योग केंद्र सुक्खन उस्ताद अखाड़ा में ध्वजारोहण

**कटनी।** उच्चतम संवैधानिक आदर्शों का गर्वोत्सव गणतंत्र दिवस हम सबको हर्षाने वाला है विश्व का यह अनुपम सविंधान हमारा पोषक एवं संरक्षक है जो हम सबको बिना भेदभाव के एक समान अधिकार एवं अवसर प्रदान करता है। उक्ताशय के विचार 73 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष मनोज कुमार नौगरहिया ने व्यक्त किए। उन्होंने सभी सदस्यों को इस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि हम अपने कार्यो को यदि इमानदारी एवं समर्पण के साथ करते है तो वह भी एक प्रकार की देशभक्ति का स्वरूप है देश की आजादी एवं संविधान दोनों बहुत अनमोल है जो हमें अपने पूर्वजों के खून पसीने से प्राप्त हुई है। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्यों का भी स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया। श्री राजकुमार कांचकार के ध्वजारोहण करने के बाद सभी ने उत्साह एवं उल्लास के साथ राष्ट्रगान किया और देशभक्ति की धुनों पर हर्षोल्लास से नृत्य किया। सचिव आनंद सुहाने, योग गुरु गोपालकृष्ण अग्रवाल ने सभी सदस्यों को संबोधित किया। इस अवसर पर अखाडे के सदस्यों के साथ योगकेन्द्र के विरजा कछ्वाहए नरेश रजक, अजजू रावत, अभिषेक बर्मन, श्री लहरिया, देवेन्द्र राय, नरेश सोनी, रामनरेश विश्वकर्मा, अशोक गुप्ता, पी एन सोनी, केदार प्रसाद सुहाने, पुन्नु लाल नामदेव, अजय बर्मन, राजकुमार ताम्रकार, मनीष अग्रवाल आदि सदस्यों की उपस्थित थी।

# कलेक्टर ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के संदेश का किया वाचन





## 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्वाचन भवन में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**कटनी।** हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाएं रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निर्वाचन भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को यह शपथ कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने दिलाई।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के संदेश का वाचन भी किया और नव मतदाताओं को निर्वाचन परिचय पत्र भी भेंट किए। इससे पहले कलेक्टर श्री मिश्रा सहित अधिकारियों ने मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उसके बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी व संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते ने मतदाता दिवस के आयोजन पर प्रकाश डाला। साथ ही जिले के मतदान केन्द्रों, मतदाता और नवीन मतदाताओं के संबंध में जानकारी दी। साथ ही बताया कि आयोग की इस बार की थीम की जानकारी प्रदान की।

### नए मतदाताओं को भेंट किए कार्ड, निबंध लेखन के प्रतिभागी भी सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने मतदाता दिवस पर नए मतदाताओं को पहचान पत्रों का वितरण किया। उन्होंने तीन बालिकाओं को नवीन कार्ड भेंट किए। इसके अलावा मतदाता दिवस को लेकर निर्वाचन शाखा द्वारा आयोग के निर्देश पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम स्थान पर रहीं शासकीय तिलक कॉलेज की छात्रा रेनिका सिंह, द्वितीय स्थान पर रहीं अंकिता दुबे स्लीमनाबाद कॉलेज, तृतीय स्थान पर रहीं नालंदा कॉलेज की छात्रा अंजली शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। छात्राओं ने इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर गीत व कविताओं का भी पाठ किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा, एमआर कोल, निर्वाचन पर्यवेक्षक रवि कुमार बड़गैंया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास



**बरही के भिडरा गांव में लकड़ी के विवाद पर हुई थी वारदात आरोपी ने उड़ाई थी बाघ के हमले में मौत की खबर**

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम भिडरा में लकड़ी के विवाद पर कुल्हाड़ी मारकर दोस्त की नृशंस हत्या के मामले में षष्ठम अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी रामबाबू उर्फ अशोक सिंह को धारा 302 के आरोप में आजीवन कारावास व 200 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। अर्थदण्ड न अदा करने की दशा में 3 माह के साधारण कारावास भी आरोपी को भुगताया जाएगा। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक जिला लोक अभियोजन अधिकारी हनुमंत किशोर शर्मा द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बरही अंतर्गत ग्राम भिडरा में मृतक सम्पत सिह गौंड अपने खेत कछरहार में मढिया बनाकर रहता था। जहां आरोपी नदी से बहकर आने वाली लकडी को इकट्ठा करता था और दोनो शराब भी पीते थे। 18 और 19 मई की दरमियानी रात आरोपी रामबाबू उर्फ अशोक मृतक सम्पत सिंह गौंड के साथ महुआ की कच्ची शराब पीया और खाना खाया था और इसी दौरान आरोपी द्वारा मृतक सम्पत सिंह से इकट्ठा की गई लकडी के पैसे की मांग की गई। तब मृतक सम्पत सिंह उसे मना पैसे देने से मना करते हुये बोला कि अभी और लकडी इकट्ठा करो। जिस पर आरोपी रामबाबू उर्फ अशोक ने खटिया के किनारे रखी लोहे की कुल्हाड़ी से मृतक के सिर, चेहरे और कान मे लगातार प्रहार कर बाद में चेहरे पर सिल्होडी का लोहडा पटक कर सम्पत सिंह गौंड की जघन्य हत्या कर दी। सुबह मृतक की पत्नी नानबाई जब कछरहार पहुंची तो उसके द्वारा मृतक सम्पत सिंह गौंड की लाश खून से लथपथ जमीन पर देखी गई। मृतक का पुत्र रामकिशोर गौंड खबर लगने पर घटना स्थल पहुंचा, जिसके द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। जिस पर से थाना बरही में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 302 का अपराध कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया। मामले की खास बात यह थी कि आरोपी द्वारा अपने उपर से संदेह हटाने के लिये यह खबर उड़ाई गई कि सम्पत सिंह गौंड को बाघ खा लिया है। पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर आरोपी से पूछताछ करने पर उसके पास से अपराध में प्रयुक्त कुल्हाड़ी एवं खून से लथपथ कपड़े जप्त किये गये। प्रकरण में कोई चक्षुसाक्षी नहीं था किंतु प्रकरण में परिस्थिति जन्य साक्ष्य को प्रमाणित पाते हुये विचारण न्यायालय द्वारा आरोपी रामबाबू उर्फ अशोक सिंह को धारा 302 के आरोप मे आजीवन कारावास तथा 200 रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया। साथ ही अर्थदण्ड न अदा करने की दशा में आरोपी को 3 माह का साधारण कारावास अलग से भुगताने संबंधी आदेश पारित किया गया है।

## जानलेवा हमले के आरोपी को उम्रकैद

विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम ने अनुसूचित जनजाति के युवक संजय गोंटिया की चाकू मारकर हत्या के प्रयास के आरोपी छैघरा मझगवां निवासी 21 वर्षीय सोनू उर्फ राकेश रैकवार को आजीवन कारावास एवं चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश पारित किया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक जियालाल चौधरी ने पैरवी की। मामला बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम छैघरा मझगवां का है। विशेष लोक अभियोजक के अनुसार 25 अगस्त 2018 को पेड़ के नीचे ताश के पत्तों का खेल हो रहा था। उसी दौरान संजय गोंटिया ने ताश का खेल बंद करने कहा। जिस पर आरोपी सोनू उर्फ राकेश रैकवार ने संजय गोंटिया के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए पेट में चाकू मार दिया। घायल संजय गोटिया की शिकायत पर बड़वारा थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी सोनू उर्फ राकेश रैकवार को एससी-एसटी एक्ट में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास, धारा 307 में सात वर्ष के सश्रम कारावास एवं विभिन्न धाराओं में चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश पारित किया।



# बिलासपुर के बाद अब सिंगरौली रेलखंड पर शुरू हुआ प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य

## कटनी-बरगवां सहित कई ट्रेनें निरस्त

**कटनी।** बिलासपुर-कटनी रेलखंड के बाद अब रेलवे के द्वारा कटनी-सिंगरौली रेलखण्ड पर डबल लाइन को जोड़ने के लिए सलहना, पिपरियाकलां व खन्ना बंजारी स्टेशनों पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसके चलते इस रेलखंड पर चलने वाली कुछ ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य खन्ना बंजारी स्टेशन पर 27 जनवरी से 10 फरवरी तक, पिपरियाकलां स्टेशन पर दिनांक 27 जवरी से 30 जनवरी तक और 09 फरवरी से 10 फरवरी तक तथा सलहना स्टेशन पर 31 जनवरी से 10 फरवरी तक कराया जाएगा। इस कारण इस अवधि में कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर चलने वाली गाड़ी संख्या 06623/06624 कटनी-बरगवां-कटनी मेमू ट्रेन 27 जनवरी से 10 फरवरी तक 15 ट्रिप और वापसी गाड़ी संख्या 06624 बरगवां से कटनी मेमू ट्रेन 27 जनवरी से 10 फरवरी तक 15 ट्रिप अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22165 भोपाल से सिंगरौली एक्सप्रेस 29 जनवरी से 09 फरवरी तक 4 ट्रिप और वापसी में गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली से भोपाल एक्सप्रेस 01 फरवरी से 10 फरवरी तक 4 ट्रिप अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली से निजामुद्दीन एक्सप्रेस 30 जनवरी से 06 फरवरी तक 2 ट्रिप और वापसी में गाड़ी संख्या 22168 निजाामुद्दीन से सिंगरौली एक्सप्रेस 31 जनवरी से 07 फरवरी तक 2 ट्रिप अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।



# हर बूथ में 51 फीसदी मतदान भाजपा के पक्ष में हो यही हमारा लक्ष्य

**विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की मौजूदगी में बूथ विस्तारक योजना की कार्यशाला आयोजित**

**कटनी।** विजयराघवगढ़ में भाजपा की मंडल स्तरीय बूथ विस्तारक योजना को लेकर कार्यशाला का आयोजन विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में विधायक श्री पाठक ने भारतीय जनता पार्टी विजयराघगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चार मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बूथ विस्तारक योजना के सम्बन्ध में संवाद किया। इस अवसर पर चारों मंडलों के मंडल अध्यक्ष सहित विस्तारक एवम कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला के प्रारंभ में विजयराघवगढ़ एवम कांटी मंडल के अध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं जयवंत सिंह ने बूथ विस्तारक योजना कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा रखने वाला राजनीतिक दल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां देश निरंतर आगे बढ़ रहा है वहीं मुख्यमंत्री शिवराज के नेतृत्व में प्रदेश उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। देश को तोड़ने वाली शक्तियां समाज पर हावी होना चाहती है। ऐसे में हमें देश को मजबूती प्रदान करने के लिए बूथस्तर पर संगठन का कार्य करते हुए भाजपा को प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत मत प्राप्त करना ही संगठन का लक्ष्य है। भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष स्व.कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी वर्ष जो की पार्टी संगठन पर्व के रूप में मना रही है उसके अंतर्गत बूथ विस्तारक योजना संगठन विस्तार के लिए मुख्य योजना है। विजयराघवगढ़ विधानसभा में हम सभी को संगठन सर्वोपरि के सिद्धांत को आत्मसात कर इस योजना को ऐतिहासिक बनाकर प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवम प्रदेश संगठन की मंशा को साकार करना है। उन्होंने कहा कि बूथ विस्तारक योजना में प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता तथा सभी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता है। पिछले 5 दिनों से सभी मंडलों में बूथ विस्तार योजना के इस अभियान में कार्यकर्ता बूथ को डिजिटल बूथ बनाने के काम मे तो जुटे हुए है आप सभी विस्तारको को ही हर बूथ का फिजिकल वेरिफिकेशन भी करते जाना है। आप सभी को संगठन ऐप के माध्यम से प्रत्येक कार्यकर्ता तथा नए कार्यकर्ताओं का डेटा संकलित होगा। हमारा विचार और संगठन ज्यादा मजबूत हो, इसके लिए बूथ विस्तारक योजना पार्टी का महत्वपूर्ण अभियान है। इसे आप सभी बूथ स्तर तक सक्रियता के साथ संचालित करें। इस अभियान के तहत प्रत्येक मंडल को स्वावलंबी मंडल, ग्राम नगर केन्द्र को सक्रिय और प्रत्येक बूथ को सक्षम बनाने का संकल्प है। प्रत्येक विस्तारक को इस कार्य के लिए 100 घंटे का महत्वपूर्ण समय देना है। आपके द्वारा किए गए कार्य से न केवल सिर्फबूथ मजबूत होगा वरन भाजपा का आगामी 50 वर्ष का भविष्य भी तय होगा। कार्यशाला में मंडल अध्यक्षगण मनीष मिश्रा, जयवंत सिंह, अंकुर गौवर, प्रमोद सोनी, जनपद अध्यक्ष गंगाराम चौधरी, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पांडे, वरिष्ठ पदाधिकारी उदयराज सिंह, प्रमोद शुक्ला, रवि दीक्षित, आशीष गुप्ता, राकेश गुप्ता, अनिल गुड्डू शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि रही ।

# दो चोरियों में लाखों का सामान पार

## शहर से लेकर गांव-गांव तक चोर सक्रिय

**कटनी।** शहर से लेकर गांव-गांव तक इन दिनों चोर सक्रिय हैं। बरही व कुठला थाना अतंर्गत चोरी की अलग-अलग वारदातों को अंजाम देते हुए अज्ञात चोर, नगदी, सोने-चांदी के आभूषण सहित लाखों का सामान लेकर चंपत हो गए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बरही थाना क्षेत्र के हरतला गांव के वार्ड क्रमांक 2 निवासी नागेंद्र पिता रामखिलावन जायसवाल की दुकान से चोरों ने 10 बंडल तार, दो पंखे, इलेक्ट्रानिक की अन्य सामग्री चोरी कर ली। चोरी गई सामग्री की कीमत करीब 50 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने चोरी की सूचना पर चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इसी प्रकार कुठला थाना अंतर्गत लमतरा ओद्यौगिक क्षेत्र से चोरों ने मशीनरी का सामान, पाइप, तार और हार्डडिस्क चोरी कर ली है। चोरी की वारदात को 21 जनवरी को अंजाम दिया गया है। जिसमें पांच दिन बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चोरों की तलाश की जा रही है। कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि लमतरा डालमिया फैक्ट्री के आगे से चोरों ने मशीनरी का सामान, तारए पाइप, हार्ड डिस्क की चोरी की है। एनकेजे थाना अंतर्गत नया गांव बजरंग कॉलोनी निवासी विनीत पिता धनीराम गोस्वामी द्वारा पुलिस थाने में दी गई थी। जिस पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### खेत से 50 हजार का सामान ले गए चोर

वहीं बरही थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 निवासी मदन पिता रामअवतार सोनी के खेत से चोरों ने एक समर्सियल पम्प, पांच एचपी की मोनो ब्लाक, 15 नग जीई पाईप सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली है। चोरी करीब 50 हजार रुपए की आंकी गई है। पुलिस ने सूचना पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



# शहर में कोतवाली व देहात में कैमोर थाना प्रथम

## अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए पुलिस अधिकारी-कर्मचारी





**कटनी।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य समारोह में अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों व पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। सभी को मुख्य अतिथि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, विधायक संदीप जायसवाल व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के द्वारा शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीएम हेल्प लाइन में मिलने वाली शिकायतों की शतत समीक्षा की वजह से जिले को 5 माह तक लगातार ए ग्रेडिंग मिलने के कारण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया को सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहर में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह तथा देहात में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा, एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, जिला लोक अभियोजन अधिकारी हनुमंत किशोर शर्मा, उपनिरीक्षक कप्तान सिंह, प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव, लालू यादव व महिला आरक्षक भावना तिवारी को भी सम्मानित किया गया।

# चांडक चौक से गर्ग चौराहा तक सड़क निर्माण के लिए दल गठित

## नए सिरे से होगा सड़क का सीमांकन



**कटनी।** चांडक चौक से गर्ग चौराहा तक बनने वाली सड़क के लिए गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस मार्ग पर अतिक्रमण चिन्हित करने के लिए दल का गठन किया है। जिसमें नजूल तहसीलदार क्षमा सराफ को प्रभारी बनाया गया है जबकि तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, नगर निगम कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा, सहायक संचालक शहर एवं ग्राम निवेश विपुल माहुले, नगर निगम सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, सुनील सिंह, सहायक यंत्री विद्युत मंडल संदीप पटेल, नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी एस के गर्ग, उपयंत्री नगर निगम संजय मिश्रा, पटवारी राजकुमार गौतम, राजस्व निरीक्षक नजूल अनिल सिंह व ब्रजबिहारी दुबे को सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में आज एक बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें चांडक चौक से गर्ग चौराहा तक सड़क के किनारे दोनों ओर स्थित मकानों को नए सिरे से चिन्हित करने का निर्णय लिया गया। उक्त दल चिन्हित शासकीय व निजी भूमि की जानकारी तैयार कर प्रतिवेदन नजूल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगा।


रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

बेचना है
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

कार्यालय नगर परिषद कैमोर जिला-कटनी (म.प्र.)
क्रमांक/स्था./न.परि./2022 कैमोर दिनांक
अपील
26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस के समारोह पर नगर परिषद कैमोर समस्त सम्माननीय नगरवासियों का हार्दिक अभिनंदन करती है, तथा अपेक्षा करती है कि-:
1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में निकाय को नम्बर 1 बनाने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का अनुरोध है।
2. निकाय के करों का भुगतान समय पर करें।
3. प्रत्येक परिवार से एक-एक- वृक्ष लगायें।
(श्री महेश मण्डलोई) प्रशासक नगर परिषद कैमोर
(श्री धर्मेंद्र शर्मा) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद कैमोर

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

ROYAL VINTAGE
Hire Vintage Car for Wedding
Vintage Car Rent
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 957579008

JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR
Reliance digital
TRENDS
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
Food Junction
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS
GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422406, email : citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)